Moneywise. Be wise.

दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (मेटल एवं एनर्जी) 14 फरवरी 2018

अतंराष्ट्रीय बाजार

COMEX/NYMEX/ICE (कीमती धातुएं एवं एनर्जी)

कमोडिटी	कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव
चांदी	मार्च	27 मार्च 2018	16.53
सोना	अप्रैल	26 अप्रैल 2018	1330.40
कच्चा तेल	मार्च	20 फरवरी 2018	59.19
ब्रेंट कच्चा तेल	अप्रैल	28 फरवरी 2018	62.72
नेचुरल गैस	मार्च	26 फरवरी 2018	2.59

13.02.2018 के अनुसार बंद भाव

करेंसी / कमोडिटी इंडेक्स

करेंसी	वर्तमान भाव
अमेरिकी डॉलर/भारतीय रूपया'	64.26
डॉलर इंडेक्स	89.71
यूरो/अमेरिकी डॉलर	1.2350
सीआरबी इंडेक्स	192.44

*13.02.2018 के अनुसार बंद भाव

LME (बेस मेटल्स) (डॉलर/टन)

कमोडिटी		बंद भाव
तांबा	नकद	6908.00
एल्युमिनियम	नकद	2123.50
जिंक	नकद	3470.00
लेड	नकद	2522.00
निकल	नकद	13215.00

13.02.2018 के अनुसार बंद भाव

SHFE (बेस मेटल्स) (युवॉन/टन)

कमोडिटी	माह	बंद भाव
तांबा	मार्च	51710.00
एल्युमिनियम	मार्च	14300.00
जिंक	मार्च	26010.00
लेड	मार्च	18975.00

13.02.2018 के अनुसार बंद भाव

घरेलू बाजार

MCX (कीमती धातुएं एवं एनर्जी)

कमोडिटी	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
चांदी	05-03-18	38245.00	मंदी	07.02.18	37863.00	39500.00
सोना	05-04-18	30218.00	तेजी	28.12.17	29012.00	29800.00
कच्चा तेल	16-02-18	3813.00	मंदी	08.02.18	3931.00	**3950.00**
नेचुरल गैस	23-02-18	169.00	मंदी	31.01.18	190.50	**185.00**

13.02.2018 के अनुसार बंद भाव

MCX (बेस मेटल)

कमोडिटी	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
तांबा	28-02-18	449.35	मंदी	07.02.18	440.25	454.00
एल्युमिनियम	28-02-18	137.40	साइडवेज	09.02.18	137.10	-
जिंक	28-02-18	223.70	साइडवेज	07.02.18	219.05	
लेड	28-02-18	164.30	मंदी	07.02.18	162.70	170.00
निकल	28-02-18	861.90	साइडवेज	09.02.18	834.00	

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

13.02.2018 के अनुसार बंद भाव

सर्राफा आउटलुक

सर्राफा की कीमतों के बढ़त के साथ खुलने की संभावना है । अमेरिकी सीपीआई और रिटेल सेल्स के आंकड़ों से कीमतों को दिशा मिल सकती है। घरेलू बाजार में रूपये के कारोबार से सोने की कीमतों को दिशा मिल सकती है। सोने की कीमतें 30050-30400 रू के दायरे में कारोबार कर सकती है जबकि चांदी की कीमतें 38000-38500 रू के दायरे में कारोबार कर सकती है। डॉलर के कमजोर होने के कारण आज कोमेक्स में सोने की कीमतों में एक हफ्ते के उच्च स्तर पर बढ़त देखी जा रही है। जबकि निवेशक अमेरिकी महंगाई के आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। महंगाई में बढ़ोतरी से सुरक्षित निवेश के कारण सोने की कीमतों को मदद मिलती है। फेडरल रिजर्व की अगली बैठक 20-21 मार्च को होने वाली है। हाल के हफ्तों में अमेरिका यूरोप और एशिया में आर्थिक वृद्धि से महंगाई में बढ़ोतरी की आशंका है, जिससे बांड यील्ड में बढ़ोतरी हो रही है और शेयर बाजारों पर दबाव बढ़ रहा है।

बेस मेटल आउटलुक

चीन की ओर से बेहतर मांग के कारण बेस मेटल की कीमतों के बढ़त रहने की संभावना है। तांबे की कीमतें 445-455 रू के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। एल्युमीनियम की कीमतें 136-139 रू के दायरे में कारोबार कर सकती है। लेड की कीमतें 162-165 रू के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। जिंक की कीमतें 221-225 रू के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। निकल की कीमतें 850-875 रू के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। डॉलर के कमजोर होने के कारण लंदन में तांबें की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद आज शंघाई में भी तांबें की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार को कहा है कि वे स्टील और एल्युमीनियम के आयात के संबंध में कई विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। चीन से सस्ते आयात के कारण अमेरिकी एल्युमीनियम उत्पादकों के हितों को काफी नुकसान हो रहा है।

एनर्जी आउटलुक

कच्चे तेल की कीमतें 3785-3860 रू के दायरे में कारोबार कर सकती है। साप्ताहिक भंडार के आंकड़ों से कीमतों को दिशा मिल सकती है। बेहतर आर्थिक वृद्धि के साथ डॉलर के कमजोर होने के कारण कच्चे तेल की मांग में बढ़ोतरी की संभावना से कीमतों में स्थिरता है। इसके बावजूद अधिक सप्लाई की समस्या के कारण तेल की कीमतें हाल के उच्च स्तर से नीचे कारोबार कर रही हैं। एपीआई के अनुसार 9 फरवरी को समाप्त हफ्ते में अमेरिकी कच्चे तेल का भंडार 3.9 मिलियन बैरल बढ़ा है और कुछ भंडार 422.4 मिलियन बैरल हो गया है। नेचुरल गैस वायदा की कीमतों के साइडवेज करने की संभावना है और कीमतें 165-172 रू के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। अमेरिका में ठंड बढ़ने के अनुमान के बाद गैस की मांग अधिक होने की संभावना के कारण अमेरिकी नेचुरल गैस वायदा की कीमतों में 18 महीने के निचले स्तर से बढ़ोतरी दर्ज की गई है । जाड़े के शेष दिनों की मांग को पूरा करने के लिए गैस की पर्याप्त मांग है।

प्रमुख आर्थिक आंकड़ें

भारतीय समयानुसार	आर्थिक आंकड़ें	महत्व	संभावित	पिछला	प्रभावित कमोडिटी	प्रभाव
19:00	अमेरिकी कोर सीपीआई(माह-दर-माह)(जनवरी)	मध्यम	0.20%	0.20%	मेटल एवं एनर्जी	कोई असर नही
19:00	अमेरिकी कोर रिटेल सेल्स (माह-दर-माह)(जनवरी)	मध्यम	0.20%	0.40%	मेटल एवं एनर्जी	प्रतिकूल
21:00	ईआईए कच्चे तेल का भंडार	मध्यम	2.825M	1.895M	कच्चा तेल	प्रतिकूल
21:00	ईआईए गैसोलीन का भंडार	मध्यम	1.229M	3.414M	कच्चा तेल	अनुकूल

वंदना भारती	एवीपी कमोडिटी रिसर्च	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 625	**vandanabharti@smcindiaonline.com**
संदीप जून	सीनियर रिसर्च एनॉलिस्ट	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 683	**sandeepjoon@smcindiaonline.com**
शिवानन्द उपाध्याय	रिसर्च एसोसिएट	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 646	**shivanand@smcindiaonline.com**

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Moneywise. Be wise.

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park , A Wing 401 / 402 ,
4th Floor ,Graham Firth Steel Compound,
Off Western Express Highway, Jay Coach Signal,
Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-28805606

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani,
Poddar Court,Gate No.- 4, 5th Floor, Kolkata-700001
Tel: 91-33-39847000, Fax: 91-33-39847004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेवी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होंने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वित्तीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।